श्याम तेरा सहारा

तेरा भरोसा है तेरा ही सहारा है,
तेरा भरोसा है तेरा ही सहारा है,
सुनो सांवरे लाज रख लो मेरी,
सुनो सांवरे लाज रख लो मेरी।।

मैंने जग पे भरोसा बहुत ही किया,
मुझको पग पग पे सबने है धोखा दिया,
जग वालों से हार के मैं,
आया तेरे द्वार पे मैं,
सुनो सांवरे लाज रख लो मेरी,
सुनो सांवरे लाज रख लो मेरी।।

दिल के तारों को तुमसे है जोड़ लिया,
सारी दुनिया की माया को छोड़ दिया,
अपना बना लो साँवरिया,
साथ निभा दो साँवरिया,
सुनो सांवरे लाज रख लो मेरी,
सुनो सांवरे लाज रख लो मेरी।।

अपने खाते में मेरा भी नाम लिख दो,
तेरी चौखट पे जीवन की शाम लिख दो,
'चोखानी' अरदास करें,
तेरे दर पे शीश धरे,
सुनो सांवरे लाज रख लो मेरी,
सुनो सांवरे लाज रख लो मेरी।।

तेरा भरोसा है तेरा ही सहारा है,
सुनो सांवरे लाज रख लो मेरी,
सुनो सांवरे लाज रख लो मेरी।।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23129/title/shyam-tera-sahara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |